भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2905**
12 दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

**उत्तर प्रदेश में फूड पार्क**

**2905. श्री प्रवीण पटेल:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** वर्ष 2014 से 2024 के दौरान खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (एफडीआई) का कुल कितना अंतः प्रवाह रहा है;

**(ख)** उत्तर प्रदेश में बढ़ती मांग को पूरा करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थापित फूड पार्कों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

**(ग)** क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के फूलपुर में फूड पार्क स्थापित करने की किसी योजना का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) अत: प्रवाह का विवरण नीचे दिया गया है:

| वर्ष | एफडीआई (मिलियन अमेरिकी डॉलर में) |
|---|---|
| 2014-15 | 516.72 |
| 2015-16 | 505.02 |
| 2016-17 | 727.22 |
| 2017-18 | 904.90 |
| 2018-19 | 628.24 |
| 2019-20 | 904.70 |
| 2020-21 | 393.41 |
| 2021-22 | 709.72 |
| 2022-23 | 895.34 |
| 2023-24 | 608.31 |

**(ख) और (ग):** उत्तर प्रदेश राज्य में कोई मेगा फूड पार्क स्थापित नहीं किया गया है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) खेत से बाजार तक मूल्य श्रृंखला के साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए आधुनिक अवसंरचना का निर्माण करने के लिए प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत एक घटक योजना मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपीएस) को लागू कर रहा है । सरकार ने चालू परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्ध देनदारियों के प्रावधान के साथ 01.04.2021 से एमएफपी योजना को बंद कर दिया है।

*****